जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 60 | अंक-37 | जयपुर, सोमवार, 7 अक्टूबर, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# 'सुरों के रंग लता के संग' कार्यक्रम में झूम उठे श्रोता,स्वर कोकिला को दी श्रद्धांजलि

● सुकून सुर रागिनी म्यूजिकल ग्रुप ने आयोजित किया संगीत कार्यक्रम ● अपर्णा बाजपेई और शेर सिंह कुमावत रहे मुख्य अतिथि

**जयपुर (हमारा वतन)।** म्यूजिक लवर्स के लिए सुकून सुर रागिनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गुलाबी नगर जयपुर में सुरों के रंग लता के संग संगीत कार्यक्रम आयोजित कर स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आस्थिका एंटरटेनमेंट की मैनेजिंग डायरेक्टर अपर्णा बाजपेई और गौरक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत द्वारा प्रथम पूज्य गणेश जी-सरस्वती माता की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सुकून और रागिनी म्यूजिकल ग्रुप की डायरेक्टर नीरा राजबंशी ने बताया कि जयपुर शहर के गोपालपुरा बाईपास स्थित द पार्क क्लासिक होटल में संगीत कार्यक्रम में 30 कलाकारों ने लता जी के एकल और युगल गीत प्रस्तुत किए। सभी कलाकारों ने ऐसी प्रस्तुति दी की श्रोता प्रातः 11 बजे से शाम 6 बजे तक डटे रहे। सभी अतिथियों और सिंगर्स को माला पहनाकर गिफ्ट भेंट किए। मुख्य अतिथि अपर्णा बाजपेई ने जब महलों का राजा मिला गाना गाया तो एक समां बंध गया और लोग अपनी - अपनी यादों में खो गए। वहीं गौरक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत ने कहा कि नए उभरते








कलाकारों को मौका देना बहुत अच्छी बात है। संगीत से तनाव दूर होता है, मन को शांति मिलती है। ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। आयोजक नीरा राजबंशी जी का बहुत बहुत धन्यवाद। ईश्वर माथुर, एसडी माथुर,डॉ. डॉली और पोषिता बंसल का विशेष सहयोग रहा।



संगीत कार्यक्रम में मन डोले मेरा तन डोले, दिल तो है दिल, तुम ही मेरे मंदिर, छू लेने दो नाजुक होठों को, अजीब दास्तां है ये, चोरी चोरी कोई आए, तारों में सजके ,छुप गए सारे नजारे, रहे ना रहे हम, ये समां समां है ये प्यार का, बेकरार करके हमें यूं ना जा, जिंदगी का सफर, किसी दिन बनूंगी मैं राजा की रानी, नैनों में बदरा छाए, चुरा लिया है तुमने, जब कोई बात बिगड़ जाए, लग जा गले से, आके तेरी बाहों में, एक प्यार का नगमा है, इमली का बूटा, पल पल दिल के पास, कहीं दीप जले कहीं दिल, तुम आ गए हो नूर आ गया है ,देखो मौसम क्या बाहर है, आदमी मुसाफिर है, पन्ना की तमन्ना है , याद किया दिल ने कहा हो तुम, कारे कारे बदरा, लागी छूटे ना जैसे गाने प्रस्तुत किए। इस दौरान संध्या टंडन, सीमा गर्ग, अशोक माथुर, कीर्ति माथुर, सुरभि पुरोहित, राजीव मित्तल, राकेश श्रीवास्तव, रितु कासलीवाल, ईश्वर माथुर, एसडी माथुर, दिनेश गोयल, अखिलेश त्रिपाठी, अरुण गोयल, आरके मित्तल, डॉ. डॉली, सुनील शर्मा, जितेंद्र नाग, हेमलता, राहुल दीक्षित, अतुल माथुर, रीटा शर्मा, अनुराग सिन्हा, वीटा माथुर, प्रमोद जैन, बबिता जैन, आभा सक्सैना, सुमन माथुर, राजकुमार लोटा, रघुवीर सिंह, सुमन माथुर ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच का प्रभावी संचालन जितेंद्र नाग ने किया।

## एनटीटी संघर्ष समिति ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** एनटीटी संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा महिला एवं बाल



विकास विभाग में एनटीटी भर्ती 2018 में 1350 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। उसमें 1040 नॉन टीएसपी, 310 टीएसपी पदों पर जो अभी शिक्षा विभाग में भर्ती प्रक्रियाधीन है, जो छह साल से लंबित है। इस भर्ती में अब तक 924 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा चुकी है,शेष पदों को भरने के लिए दस्तावेजों के सत्यापन हेतु दिनांक 9 से 12 जुलाई 2024 तक किया गया। इसका फाइनल परिणाम जल्द जारी व अगली सूची में एमबीसी के रिक्त पदों व वेटिंग पदों को अगली सूची में जोड़कर परिणाम जारी करने की मांग की गई। एनटीटी भर्ती में टीएसपी के पद 2012 से खाली चले आ रहे हैं और आगे भविष्य में कोई टीएसपी का अभ्यर्थी मौजूद नहीं होने के कारण इन पदों को नान टीएसपी से भरने की मांग की गई । ज्ञापन देने वालों में अनिल,अंकुश ,मनीष आदि मौजूद रहे ।

## आध्यात्मिकता का मतलब धार्मिक होना या सांसारिक कार्य का त्याग करना नहीं : राष्ट्रपति मुर्मू

### राष्ट्रपति ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में किया वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुभारंभ

**सिरोही (हमारा वतन)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिरोही जिले में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान मुर्मु ने अपने सम्बोधन में विश्व शांति, अध्यात्म, ग्लोबल वार्मिंग पर बात करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओ स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत योजना की सराहना भी की। इसके पूर्व सुबह मान सरोवर परिसर में उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर 140 करोड़ देशवासियों से पौधारोपण का आह्वान किया। डायमंड हॉल में आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज विषय पर आयोजित सम्मेलन में संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शांति और एकता का महत्व बताते हुए आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का मतलब धार्मिक होना या सांसारिक कार्य का त्याग करना नहीं है।





आध्यात्मिकता का अर्थ है अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर अपने आचरण और विचारों में शुद्धता लाना। उन्होंने विचारों और कर्मों की शुद्धता की बात करते हुए इसे स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आवश्यक बताया। ह्यकार्यक्रम के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि अध्यात्म भारत की वह सुदृढ़ परंपरा है,जिसके जरिए जीवन की उत्कर्ष राहों का निर्माण किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म जीवन की नैतिकता है। स्वच्छ और स्वस्थ जीवन की राहों का निर्माण अध्यात्म में निहित है। इस दौरान पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, राज्य के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग,जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित,आबूरोड नगरपालिका अध्यक्ष मगनदान, जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल सहित अन्य उपस्थित रहे ।

## माध्यमिक शिक्षा निदेशक लीलाधर व्यास से वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने की मुलाकात

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** लीलाधर व्यास को निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड बनने पर वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने मुलाकात कर ब्लिडिंग हार्ड का पौधा उपहार में भेंटकर उनका स्वागत किया।

पर्यावरणविद् डॉ. सोनी जिनसे भी मिलने जाते हैं उन्हें पौधा उपहार में देकर अभिनंदन करते हैं। डॉ. सोनी ने कहा कि आज सृष्टि में जो प्राकृतिक गतिविधियां हो रही हैं वह प्रकृति करा रही है। मनुष्य तो इन संसाधनों का विकास कर रहा है। इसका मूलस्रोत तो प्रकृति है, इसकी सुरक्षा करना हम सब की जिम्मेदारी है। प्रकृति में निहित पेड़ पौधों की



सुरक्षा हो सके इसलिए में पौधा उपहार में भेंट कर पर्यावरण बचाने का संदेश देता हूं।

शिक्षा निदेशक लीलाधर व्यास ने पौधा उपहार में देने के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पौधारोपण एक पुनीत कार्य है। डॉ. सोनी द्वारा ने मुझे पौधा उपहार में दिया इसके लिए उनका धन्यवाद है।

# महाराष्ट्र सरकार ने स्वदेशी गाय को दिया राजमाता-गौमाता का दर्जा



**महाराष्ट्र (हमारा वतन)।** महाराष्ट्र सरकार ने भारतीय संस्कृति कृषि और स्वास्थ्य देखभाल में स्वदेशी गाय के महत्व को देखते हुए इसे औपचारिक रूप से राजमाता-गौमाता का दर्जा दिया है। इसकी घोषणा करते हुए सरकार ने कहा कि स्वदेशी गाय को भारतीय संस्कृति में वैदिक काल से ही महत्वपूर्ण स्थान हासिल है। इसका महत्व न केवल धार्मिक है बल्कि चिकित्सा और कृषि में भी इसके कई फायदे देखने को मिले हैं । गाय का दूध अपने उच्च पोषण मूल्य के कारण मानव आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मराठवाडा में देवरी और ललकानारी व उत्तरी महाराष्ट्र में डांगी और शवदाभ जैसी विभिन्न देशी नस्ल की गायें पाई जाती हैं। हालांकि देशी गायों की संख्या में तेजी से आ रही गिरावट को लेकर चिंताएं जताई जा रही है। सरकार को उम्मीद है कि यह दर्जा दिए जाने से किसानों को इन गायों को पालने में प्रोत्साहन मिलेगा।

यह घोषणा महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की ओर से हस्ताक्षरित एक सरकारी आदेश के जरिए की गई है। इसमें कहा गया है कि गाय प्राचीन काल से ही मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है । प्राचीन काल से गाय को मान्यता के रूप में कामधेनु का नाम दिया गया। इसका ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है।



# देवभूमि उत्तराखंड में हुआ यज्ञाचार्य हरिओम महाराज का सम्मान

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** जयपुर निवासी यज्ञाचार्य हरिओम महाराज का देवभूमि उत्तराखंड में श्रीमद् भागवत गीता के कार्यक्रम में शामिल होने पर धामपुर निवासी रिटायर्ड ऑफिसर शिवचरण सिंह ने सम्मान किया। शिवचरण सिंह ने हरिओम महाराज को माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। यज्ञाचार्य ने सभी परिवारजनों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस दौरान भारत सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित सभी परिवारजन मौजूद रहे ।




# राजस्थान खादी संघ में महात्मा गांधी-लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी संघ में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान सर्व धर्म प्रार्थना सभा, सूत कताई व गांधी जी के भजन गाऐ गए। इस दौरान खादी संघ के लेखापाल सियाराम शर्मा,संचालक मंडल के सदस्य मनोहर लाल मीणा,स्टील फ़र्नीचर के व्यवस्थापक राजेंद्र कुमार , राधामोहन गुप्ता , सुरेश कुमार शर्मा, महेश कुमार शर्मा, महेश चंद व्यास,मदन कुमावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गाँधी जयंती पर क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा ने निकाली प्रभात फेरी

**दौसा (हमारा वतन)।** पूरे देश भर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती बड़े हर्सोल्लास के साथ मनाई गयी । देश-प्रदेश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं क्षेत्रिय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा मंत्री अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान गांधी जी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम भी गाया गया। इसके पश्चात गांधी तिराहा पर स्थित गांधीजी की मूर्ति का मंत्री अनिल शर्मा द्वारा पंचामृत से स्नान करवाकर, पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। समिति के मंत्री अनिल शर्मा ने सभी देशवासियों से भाईचारा और सद्भावना से रहने का आह्वान किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारी, सदस्य और बुनकर मौजूद रहे।





# मुख्यमंत्री ने त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में की पूजा-अर्चना

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बांसवाड़ा के उमराई स्थित त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने माता के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा का तलवाड़ा हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जनजातीय मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंडित नवल किशोर शर्मा की द्वादशम पुण्यतिथि पर होगी प्रार्थना सभा



**दौसा (हमारा वतन)।** क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा राजस्थान द्वारा स्वर्गीय पंडित नवल किशोर शर्मा की द्वादशम पुण्यतिथि पर 8 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से सुबह 10 बजे तक प्रार्थना सभा, भजन कीर्तन और पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा के अध्यक्ष रामदास शर्मा, उपाध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा और मंत्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम खादी बाग़, लालसोट रोड, दौसा प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं गुजरात के पूर्व राज्यपाल रहे पण्डित नवल किशोर शर्मा ने राजनीति में लम्बी पारी खेली थी। उनका राजनीति के साथ खादी में भी बड़ा योगदान माना जाता है।

दौसा की खादी का आज पूरे देश में नाम है। यहां के बुने कपड़े का 1947 में आजादी के समय दिल्ली के लालकिले पर झण्डा लहराया था वह दौसा का ही था।

दौसा की खादी में पण्डित नवल किशोर शर्मा ने बड़ा योगदान दिया था। वे खादी में कई पदों पर रहे। यही कारण है कि खादी बाग में उनकी याद में हर वर्ष पुण्यतिथि मनाई जाती है।

# रोम रोम में राम

## (इकराम सतसई)

कड़ी 3



भगवान राम, हमारी आस्था के विश्वास हैं, इस समस्त सृष्टि की श्वांस हैं !
सारे जगत के हैं!
जिन मुस्लिम कवियों और शायरों ने राम और कृष्ण पर लेखनी चलाई है।
उन राष्ट्र भक्त महान व्यक्तियों की परंपरा में , आज के युग में इकराम राजस्थानी राष्ट्र रत्न का नाम अग्रणी है !

**प्रस्तुत है उनकी लेखनी का ये साप्ताहिक धारावाहिक**

11.दशरथ सुत तो बन गए,ले जग में अवतार!
वरना तो श्री राम थे, स्वयं ही जगदाधार!!
12.उसे समझ में आ गया,इस जीवन का तथ्य!
जग मिथ्या,केवल यहां,राम नाम है सत्य!!
13.मन से जो भजता तुम्हें,सारे दुख हर जाएं!
राम तुम्हारे नाम से,पत्थर भी, तर जाएं!!
14.ध्यान लगाओ लाख तुम,हो कर के निष्काम!
अधरों से मिलते अधर,तब मुख गूंजे राम !!
15.नारी के सम्मान की,अद्भुत उपमा राम !
अपने से पहले रखा,सदा सिया का नाम !!



इकराम राजस्थानी

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

# जॉब्स

1. राजस्थान एलएसजी, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 23820, अंतिम तिथि 6 नवंबर 2024
2. आरआरबी टेक्निशियन, पद टेक्निशियन ग्रेड 1 और ग्रेड 3, पद संख्या 14298, अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2024
3. आरआरबी एनटीपीसी, पद टिकट क्लर्क, ट्रेन क्लर्क व अन्य, पद संख्या 3445, अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2024
4. आरआरबी एनटीपीसी, पद टिकट सुपरवाइजर, स्टेशन मास्टर व अन्य, पद संख्या 8133, अंतिम तिथि 13 अक्टूबर 2024
5. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन एसएससी, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 39481, अंतिम तिथि 14 अक्टूबर 2024
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद आरएएस, पद संख्या 733, अंतिम तिथि 18 अक्टूबर 2024
7. सीएपीएफ/आइटीबीपी, पद स्पेशलिस्ट मेडिकल ऑफिसर, पद संख्या 345, अंतिम तिथि 14 नवंबर 2024
8. आइटीबीपी पद लेबोरेटरी टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर व अन्य, पद संख्या 20, अंतिम तिथि 26 नवंबर 2024

# एक्टिंग का ए भी नहीं आता था,घर जाकर रोती थी



तृप्ति डिमरी इन दिनों छाई हुई हैं। उनके पास कई फिल्में हैं जो रिलीज के लिए तैयार हैं। अब तृप्ति ने बताया कि करियर के शुरुआत में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था जिसे वह आज तक नहीं भूल पाई है। कुछ समय पहले तक बॉलीवुड इंडस्ट्री में तृप्ति डिमरी का दूर-दूर तक कोई कनेक्शन नहीं था, लेकिन आज वह काफी पॉपुलर हो गई हैं। पिछले साल एनिमल में नजर आई तृप्ति के रोल को काफी पसंद किया गया था। वह रातों-रात नेशनल सेनसेशन बन गईं। अब इस साल तृप्ति अपनी दूसरी फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो है, जिसमें राजकुमार राव के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। अब हाल ही में तृप्ति ने अपने करियर के शुरू के दिनों के बारे में बताया और कहा कि उन्हें एक्टिंग का ए भी नहीं पता था।

**एक्टिंग को लेकर नहीं था पैशन-** तृप्ति ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के इंटरव्यू में कहा कि उनका एक्टिंग के लिए कोई भी पैशन नहीं था और इसे करियर के लिए ऑप्शन की तरह नहीं माना था। उन्होंने कहा, मैं बस कुछ अलग करना चाहती थी। मैं कभी भी पढ़ाई में अच्छी नहीं रही। मैंने अपने पैरेंट्स को बताया था कि मैं मॉडलिंग में ट्राई करने जा रही हूं।

# अगली आलिया भट्ट कहे जाने पर अनन्या पांडे बोलीं-मुझे लगता है वह बहुत ज्यादा...



अनन्या पांडे का आलिया भट्ट के साथ काफी अच्छा बॉन्ड है। वहीं अनन्या के कुछ फैंस का मानना है कि वह आने वाले समय की अपकमिंग आलिया भट्ट हैं। इस तुलना पर अनन्या ने अपनी बात रखी है।अनन्या पांडे जिनकी कुछ दिनों पहले कॉल मी बे वेब सीरीज रिलीज हुई है, अब वह अपकमिंग साइबर थ्रिलर फिल्म कंट्रोल में नजर आने वाली हैं। इसका ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अनन्या इसका जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं और इसी दौरान उनसे आलिया भट्ट को लेकर एक सवाल किया गया। दरअसल, अनन्या के फैंस का मानना है कि वह आने वाले दिनों की आलिया भट्ट हैं।

**आलिया को लेकर क्या बोलीं अनन्या-**फिल्मीज्ञान से इंटरव्यू में अनन्या ने कहा, नहीं...मुझे लगता है आलिया काफी अच्छी हैं। यह मेरे लिए बड़ा कॉम्पलीमेंट है कि लोगों को लगता है कि मैं वो कर सकती हूं जो आलिया ने किया है। बता दें कि आलिया और अनन्या के बीच काफी अच्छा बॉन्ड है। **जब विक्रमादित्य ने अनन्या का किया सपोर्ट-**इससे पहले विक्रमादित्य मोटवानी ने अनन्या पांडे को नेपो किड कहने पर एक्ट्रेस का सपोर्ट किया था। उन्होंने कहा था, अगर आपका काम अच्छा नहीं है और आप टैलेंटेड नहीं हो, मेहनत नहीं कर रहे और अपना पोटेन्शियल नहीं दिखा रहे तो फिर कुछ मैटर नहीं करता क्योंकि यही चीजें आपको सक्सेस दिलाती है।

# हेमा मालिनी ने किया था शाहरुख को लॉन्च, 32 साल बाद इस बात का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस बोलीं

शाहरुख खान ने फिल्म 'दीवाना' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, लेकिन ये शाहरुख की पहली फिल्म नहीं थी। 'दीवाना' साइन करने से पहले शाहरुख ने हेमा मालिनी की फिल्म 'दिल आशना' साइन की थी। IIFA 2024 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी, बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की तारीफ करते नजर आ रही हैं। बता दें, हेमा मालिनी ने ही शाहरुख खान को उनकी पहली फिल्म दी थी।

# पलाश का पेड़

वो पलाश का पेड़, वीरान धरा का श्रृंगार,
लाल अंगारों सा खिला, जैसे ज्वाला का त्योहार।
सूखी टहनियों पर, आग की लहरें छाई,
वसंत की आहट ने, धरती पर रंग बिखराई।

धधकता सूरज जब तपाता धरा को,
पलाश का पेड़ फिर भी खिलाता है जीवन को।
फूलों की लाली में छिपी है एक दास्तान,
साहस और सौंदर्य का है वो अनूठा सामान।

न पत्ते, न छांव, बस रंगों का बिछावन,
फिर भी खड़ा है अडिग, हर आंधी का सामना।
शुष्क हवा में भी उसकी मुस्कान है जवां,
हर कठिनाई में जो सिखाता है नई उड़ान।


जंगलों का कवि, धरा का ये वीर,
प्रकृति के आंगन में उसकी गाथा गहरे लिखी।
सिर उठाए खड़ा, न हार मानने वाला,
पलाश का पेड़ है, सच्ची उम्मीदों का प्याला।

हर फूल उसकी आशा का दीप जलाए,
हर शाख उसकी कहानी कह जाए।
वसंत का संदेश लेकर वो फिर आता,
पलाश का पेड़, हमें जीवन का अर्थ समझाता।




# सांस की बीमारी की वजह कहीं कोल्ड ड्रिंक पीने की आदत तो नहीं?

शुगरी कार्बोनेटिड ड्रिंक्स का सेवन करने से अपर रेस्पिरेटरी सिस्टम को नुकसान होता है। इसका असर लंग्स की फंक्शनिंग पर दिखने लगता है। इससे लंग्स का कार्य स्लो होने लगता है, जिससे सांस संबधी समस्याएं बढ़ जाती है।गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडक पहुचांने के लिए कोल्ड ड्रिंक का सेवन बड़ी तादाद में किया जाता है। खासतौर से युवाओं में कोल्ड ड्रिंक का कंजप्शन दिनों दिन बढ़ रहा है। इससे वेटगेन और डायबिटीज़ का खतरा बढ़ने के अलावा ये लंग्स के नुकसान का कारण भी सिद्ध हो रही है। नियमित रूप से कार्बोनेटिड पेय पदार्थो के सेवन से कोल्ड ट्रिगर बढ़ने लगता है, जिससे खांसी, सांस फूलने की समस्या और अस्थमा के अन्य लक्षण दिखने लगते है। इस बारे में बातचीत करते हुए डॉ अवि कुमार बताते हैं कि नियमित रूप से कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने से लंग्स की कपेसिटी लो हो जाती है। इसके चलते अस्थमा और सीओपीडी का जोखिम बढ़ जाता है।



टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# महायुद्ध का खतरा

ईरान द्वारा इजरायल को सीधे निशाना बनाने से महायुद्ध जैसे हालात बनना पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक और दुखद है। तनाव चरम पर है, क्योंकि इजरायल किसी भी वक्त ईरान पर जवाबी वार कर सकता है। दरअसल, लगभग एक साल से ईरान प्रत्यक्ष रूप से संयम दिखा रहा था। हिज्बुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों को हर तरह की मदद देकर खुद को सीधे युद्ध में उतरने से बचा रहा था, पर मंगलवार को एक साथ 180 मिसाइलें दागकर इजरायल को उसने साफ संकेत दे दिया है कि वह अब चुप नहीं बैठेगा। खासकर, नसरल्लाह की मौत के बाद ईरान पर जंग में कूदने का भारी दबाव था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन


राम गोपाल सैनी

नेतन्याहू ने भी साफ कह दिया है कि ईरान को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायल के साथ समस्या यह है कि वह बदले की मानसिकता में फंसा हुआ है और किसी भी नसीहत पर ध्यान नहीं दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को भी वह रत्ती भर भाव देने को तैयार नहीं है। अमेरिका से मिल रहा समर्थन उसके लिए पर्याप्त है। ऐसे में, एक महायुद्ध दहलीज पर दस्तक देने लगा है। आज एक बड़ा सवाल है कि क्या इजरायल, ईरान जैसे देश महायुद्ध चाहते हैं? दरअसल, हर देश दुनिया में आम जनमानस को लेकर सजग है। संसार के ज्यादातर लोग महायुद्ध नहीं चाहते, इसलिए बड़ी आक्रामकता दिखाने के बावजूद देश अपना बचाव भी कर रहे हैं। ईरान की ही अगर बात सुनें, तो उसने यही कहा है कि उसका हमला पूरी तरह रक्षात्मक था और वह लेबनान में इजरायल द्वारा की गई हत्याओं व हमलों का जवाब देना चाहता था। ईरान यह मानता है कि उसने 180 मिसाइलें दागकर हिसाब बराबर किया है और उसकी ओर से हमला समाप्त है, जब तक कि इजरायल उसे फिर उकसाता नहीं है। जाहिर है, इजरायल ने फिर वार किया, तो यकीन मानिए, दुनिया महायुद्ध की ओर बढ़ चलेगी। यहां परमाणु जनित खतरे की आशंका की चर्चा न हो, तो बेहतर है। आज दुनिया ऐसी स्थिति में नहीं है कि महायुद्ध झेल सके। यह किसी भी प्रकार के हमलावरों की पीठ थपथपाने के बजाय शांति दूतों को आगे करने का समय है। संयुक्त राष्ट्र की सक्रियता जरूरी है, ताकि दुनिया युद्ध की वास्तविकता से परिचित हो सके। आज दोनों ओर ऐसे देश हैं, जो सूचनाओं को छिपा सकते हैं। वार करने वाला देश अलग आंकड़े देगा और वार झेलने वाला देश न्यूनतम क्षति दर्शाएगा। शायद, हम एक ऐसे दौर के गवाह बनेंगे, जब सही सूचनाओं पर पहरे होंगे। यह दुनिया के लिए ज्यादा खतरनाक स्थिति होगी। युद्ध पर कहीं तो लगाम लगे। गाजा से लेकर कीव तक युद्धों के चलते रोज सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। इजरायल ने मंगलवार को भी लेबनान पर हमले जारी रखे, जिसमें 55 लोगों की मौत हो गई। किसी तरह से इजरायल को अमन बहाली के लिए तैयार करना होगा और दूसरी ओर, अरब मुल्कों को किसी भी तरह के आतंकी संगठन के बचाव से बाज आने के लिए पाबंद करना होगा। यह गौर करना जरूरी है कि मुट्ठी भर आतंकियों वाले हमास और हिजबुल्लाह की कारस्तानियों ने दुनिया को कहां पहुंचा दिया है। ईमानदारी से सोचना होगा, इजरायल का दुनिया में सकारात्मक योगदान भी है, पर उसकी आक्रामकता निर्ममता की हदें पार न करे, यह सुनिश्चित करना आज समय की सबसे बड़ी मांग है। महायुद्ध रोकने के लिए भारत के साथ चीन को भी जरूर आगे आना चाहिए, तो बात जल्दी सुनी जाएगी।

# प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के गरबा कार्यक्रम में झूम उठी महिलाएं

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के प्रथम दिन रजवाड़ा गार्डन में प्रिंस एजुकेशन ग्रुप द्वारा गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन कैलाश चौधरी ने माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसमें प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के सभी संस्थानों की हिस्सेदारी रही। सभी आगंतुकों का स्वागत संजय शर्मा, अर्जुन चौधरी, अजीत बराला एवं मोहित कुमावत के द्वारा किया गया। कार्यकम में बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में हास्य कलाकारों में राहुल चौधरी, ममता चौधरी, अर्चना विजयवर्गीय, अभी गोदारा, राकू एवं अनिल डूडी ने अपने हास्य अभिनय के रंग बिखेर कर कार्यकम में चार चांद लगा दिए। खाने में बच्चों के लिए पेस्ट्री, चाउमीन, पाव भाजी, पानी-पूरी ,आइस क्रीम इत्यादि प्रकार की खाने की चीजें भी थी। प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल ओपी पारीक ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। प्रिंस कैरियर इंस्टीट्यूट के एकेडमिक हेड राजवीर चौधरी,को डायरेक्टर अभिषेक चौधरी ने भी बच्चों को उनके






सर्वश्रेष्ठ नृत्यों के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अनिल जाट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बी सी जाट, ओमप्रकाश डोडवाडिया, अर्जुन गढ़वाल, लालचंद झाझड़ा, सुरेश जाट, फूलचंद सैनी भी मौजूद रहे।

# भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने किया गरबा रास-रंग के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित होने वाले गरबा रास-रंग 16 के पोस्टर का विमोचन अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने किया। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस बार भी फैंटास्टिक इवेंट्स और वेडिंग प्लानर के द्वारा आयोजित 16वां गरबा रास रंग महोत्सव महानवमी 11 अक्टूबर को कचोलिया रोड स्थित केसरगढ़ हवेली में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मां दुर्गा की 551 दीपकों की महाआरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। पोस्टर विमोचन के दौरान नवदुर्गा मंदिर पुजारी विद्याधर शर्मा, रमेश करीरा,मन शर्मा, अशोक शर्मा, अभिषेक गोरा ,नितिन




खंडेलवाल, संजय सैनी, महेश बागड़ा, हीरालाल जाट,सुनील चौधरी,ललित कुमावत,पुरण भावरिया, जय सिंधी, आशीष गोरा आदि मौजूद रहे।




# लालचन्द यादव की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



**जयपुर (हमारा वतन)।** स्व.लालचन्द यादव की छठी पुण्यतिथि पर तिगरिया रोड निवाणा स्थित जीआईसी स्कूल प्रागंण में स्कूल चेयरमैन एवं पूर्व जिला- परिषद सदस्य हनुमान सहाय दुसाद और देवथला सरपंच कोयली देवी दुसाद के सान्निध्य में छठा रक्त दान शिविर आयोजित हुआ । जिसमें 409 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। भगवानपुरी महाराज, बालकदास महाराज, ऋषि महाराज और शैतान बाबा ने पुष्पांजलि अर्पित कर रक्त दान शिविर का शुभारम्भ किया। रक्त दाताओं ने बढ़ चढ़कर रक्त दान किया। सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र और मोमेंटो भेंट किए । अतिथियों ने कहा कि रक्त दान महादान है हम सभी को जिंदगी में एक बार जरूर करना चाहिए। शिविर में शाहपुरा प्रधान मंजू शर्मा, ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव, कॉर्डियों सर्जन डॉ. राम गोपाल यादव ,आरएलपी नेता छुट्टन यादव, डॉ. विकास यादव, पीसीसी सचिव राजेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान भगवान सहाय घाँसिल, रामदेव यादव, डॉ. ओम प्रकाश धमोड़, डॉ. हनुमान बराला, लालचन्द झाझड़ा, डॉ.एनआर रुण्डला, हरफूल कुमावत ,सुषमा यादव, कैलाश चौधरी, महेन्द्र चौधरी, केआर चौधरी, विकास मीणा, रामजी लाल शर्मा, अंजली यादव, गिरधारी कुमावत सहित कई लोगों ने शिरकत की । मंच संचालन आरके कुमावत द्वारा किया गया।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।